# वसन्त महिला महाविद्यालय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत
कृष्णमूर्ति फॉउण्डेशन इण्डिया, राजघाट फोर्ट, वाराणसी

## वार्षिक प्रतिवेदन
## 2018–19

*सीखने की प्रक्रिया का कोई अंत नहीं है। ऐसा नहीं है कि आपकी शिक्षा समाप्त होने के बाद सीखने की प्रक्रिया का अंत हो गया। जीवन का सम्पूर्ण समय, आपके जन्म से मृत्यु तक, आप सीखते है।*

***–जे. कृष्णमूर्ति***

वाराणसी के प्राचीनतम् शिक्षण संस्थानों में एक वसंत महिला महाविद्यालय, (स्थापित सन् 1913) विश्वविख्यात संस्था ''कृष्णमूर्ति फाउण्डेशन इण्डिया'' के संरक्षण में संचालित है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध यह संस्था यूजीसी (UGC) के अधिनियम 1956 की धारा 2(f) एवं 12(b) के तहत मान्यता प्राप्त है।

प्रख्यात् दार्शनिक जे. कृष्णमूर्ति की विचारधारा से अनुप्राणित यह महाविद्यालय भारत के महान विचारको जैसे डॉ0 एनी बेसेन्ट, श्री जे0 कृष्णमूर्ति तथा भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय इत्यादि की तपोभूमि है। स्त्री–शिक्षा की दिशा में उत्तरोत्तर विकासमान यह संस्था वैश्विक मनुष्य की संकल्पना के साथ मानवीय मूल्यों, करूणा, सहिष्णुता के भाव को पोषित करता है। वैश्विक संकट के मध्य यह महाविद्यालय अपने चिंतन में भगवान बुद्ध के ''*अप्प दीपो भव*'' के चिंतन को आत्मसात किए हुए है।

**पाठ्यक्रम**

महाविद्यालय अनवरत रूप से भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के साथ ही सामाजिक विज्ञान, कला, शिक्षाशास्त्र एवं वाणिज्य में निम्न पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों एवं परीक्षा कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के एकेडमिक कैलेण्डर के अनुसार होता है।

| क्रम सं0 | पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|---|
| 1 | स्नातक | हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, भूगोल, संगीत (गायन/वादन), चित्रकला, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मनोविज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा शास्त्र, फ्रेंच* |
| 2 | परास्नातक | हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान*, राजनीति विज्ञान* |
| 3 | शोध (पी0एच0डी0) | हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान |
| 4 | सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं एडवांस डिप्लोमा कार्यक्रम (यू0जी0सी कैरियर ओरिएण्टेड कार्यक्रम) | ट्रेवेल एवं टूरिज्म मैनेजमेण्ट, मॉस कम्यूनिकेशन्स, |
| 5 | पार्ट टाइम डिप्लोमा | फ्रेंच* |

*(सत्र 2019–20 से आरंभ)

09 जुलाई 2018 से नए सत्र का आरम्भ हुआ। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात् प्राचार्या डॉ. अलका सिंह ने नवागत छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की ऐतिहासिक परम्परा एवं श्री जे0 कृष्णमूर्ति एवं डा0 एनी बेसेन्ट के योगदान से परिचित कराया।

## परीक्षा परिणाम/योग्यता सूची

महाविद्यालय ने अपने पूर्व अकादमिक उत्कृष्टता के गौरवशाली परंपरा को सफलतापूर्वक बनाए रखा। सत्र 2017–18 में छात्राओं का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। महाविद्यालय की कई छात्राओं ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की योग्यता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। जिनका विवरण निम्न है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कृष्णा कुमारी | भूगोल (परास्नातक) | **प्रो0 काशी नाथ मेमोरियल नगद पुरस्कार रू0 3333/–** परास्नातक (भूगोल) तृतीय सेमेस्टर परीक्षा 2018 में उच्चतम् एसजीपीए अर्जित करने हेतु। |
| 2. | रश्मिता सिंह | भूगोल (परास्नातक) | **प्रो0 काशी नाथ मेमोरियल नगद पुरस्कार रू0 3333/–** परास्नातक (भूगोल) तृतीय सेमेस्टर परीक्षा 2018 में उच्चतम् एसजीपीए अर्जित करने हेतु। |
| 3. | कु0 नाहिद | उर्दू (स्नातक) | **बी.एच.यू. पदक** स्नातक (उर्दू) अंतिम वर्ष परीक्षा 2018 में प्रथम स्थान अर्जित करने हेतु। |

महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 64 से 100 प्रतिशत रहा।

| **स्नातक** (तृतीय वर्ष) | **परिणाम प्रतिशत** | **स्नातक** (तृतीय वर्ष) | **परिणाम प्रतिशत** | **परास्नातक** (द्वितीय वर्ष) | **परिणाम प्रतिशत** | **सर्टिफिकेट, डिप्लामा एवं एडवांस डिप्लोमा** | **परिणाम प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व | 88.5 | चित्रकला | 75.0 | हिन्दी | 100.0 | ट्रेवेल एवं टूरिज्म मैनेजमेण्ट | 100.0 |
| अर्थशास्त्र | 88.6 | दर्शन शास्त्र | 64.7 | अंग्रेजी | 96.3 | मॉस कम्युनिकेशन्स | 100.0 |
| अंग्रजी | 81.6 | राजनीति विज्ञान | 87.2 | भूगोल | 100.0 | | |
| भूगोल | 100.0 | मनोविज्ञान | 93.3 | मनोविज्ञान | 96.3 | | |
| हिन्दी | 92.0 | संस्कृत | 66.7 | अर्थशास्त्र | 100.0 | | |
| इतिहास | 100.0 | समाजशास्त्र | 81.3 | इतिहास | 100.0 | | |
| गृह विज्ञान | 84.8 | उर्दू | 91.7 | | | | |
| संगीत– वादन | लागू नहीं | बी.काम. | 100.0 | | | | |
| संगीत– गायन | 80.0 | बी.एड. | 100.0 | | | | |

## नए पाठ्यक्रमों का संचालन

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद ने शैक्षणिक सत्र 2019–20 से महाविद्यालय को चार नए परास्नातक पाठ्यक्रम (गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व) एवं फ्रेंच में स्नातक एवं पार्ट टाइम डिप्लोमा पाठ्यक्रम को अपनी मंजूरी दे दी है। महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2019–20 से गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान एवं फ्रेंच में स्नातक एवं पार्ट टाइम डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करेगा। अन्य दो पाठ्यक्रमो का संचालन अगले सत्र से किया जाएगा।

## नए पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव

सत्र 2020–21 में महाविद्यालय ने फाइन आर्ट्स में स्नातक, कम्प्यूटर अनुप्रयोग में तीन वर्षीय यूजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं कुछ अन्य स्ववित्तपोषित डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को शुरू करने हेतु काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा है।

## नई नियुक्तियाँ

इस सत्र में पुस्तकालय में तीन स्थायी गैर शिक्षण कर्मचारियों श्री पुनीत श्रीवास्तव (सेमी प्रोफेशनल असिस्टेंट), श्री अनुराग कुमार तिवारी (लाइब्रेरी असिस्टेंट) एवं श्री अखिलेश कुमार (लाइब्रेरी क्लर्क) की नियुक्ति हुई। इसके अतिरिक्त अनुबंध के आधार पर शिक्षण हेतु प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में डा0 राजीव कुमार जायसवाल एवं अंग्रेजी विभाग में डा0 रचना पाण्डेय व सुश्री प्रियंका चक्रवर्ती की नियुक्ति हुई।

## कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति

इस सत्र में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत डा0 बिलंबिता बनिसुधा व डा0 महेश कुमार मीना (सहायक आचार्य, स्टेज 1 से 2), डा0 जय सिंह, डा0 मोहम्मद अख्तर, डा0 अंजना सिंह, डा0 सौरभ कुमार सिंह, डा0 सुशीला भारती एवं डा0 प्रीती सिंह (सहायक आचार्य, स्टेज 2 से 3) एवं डा0 मीनू अवस्थी व डा0 मंजरी झुनझुनवाला (सह आचार्य, स्टेज 3 से 4) की पदोन्नति हुई।

## छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण

नेशनल रिसोर्स सेंटर फॉर एजुकेशन (राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) द्वारा छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण हेतु महाविद्यालय का चयन किया गया। दिनांक 22–23 अप्रैल 2019 को आयोजित इस ऑनलाइन सर्वेक्षण में महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने भाग लिया। यह सर्वेक्षण देश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्रों के शैक्षणिक प्रगति के महत्वपूर्ण आयामों एवं संतुष्टि को समझने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

## समझौता ज्ञापन

महाविद्यालय ने स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता एवं सहयोगपूर्ण शोध को बढ़ावा देने एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान प्रदान हेतु डी0ए0वी पी0जी0 कॉलेज, आर्य महिला पी0जी0 कॉलेज और सोसायटी फॉर हायर एजुकेशन एण्ड प्रेक्टिकल एप्लिकेशन **(SHEPA),** वाराणसी, मेधा एवं लीड, (देशपाण्डे फॉउण्डेशन के अतिरिक्त इस सत्र में निम्न संस्थाओं/गैर सरकारी संगठनों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया –

- 21 मई 2018 : महाविद्यालय ने 14–15 फरवरी 2019 को कोलम्बो, श्री लंका में आयोजित द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन '**फ्यूचर आफ वोमेन 18**' के सहभागी आयोजक के रूप में इण्टरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ नॉलेज मैनेजमेण्ट (प्रा.) लिमिटेड, श्रीलंका के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

- 11 जनवरी 2019 : सामाजिक विकास गतिविधियों में छात्राओं की सहभागिता के लिए महाविद्यालय ने स्वैच्छिक संगठन ***सम्पर्क*** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, जिसके तहत छात्राएं अवकाश अथवा अन्य अवधि में अंशकालिक अथवा पूर्णकालिक इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकती है। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम ग्रामीण समुदायों में कार्य करने की दिशा में उन्मुख होगा।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी/कार्यशाला

- 25 सितम्बर 2018 : अर्थशास्त्र विभाग द्वारा **एमएस एक्सेल एवं एसपीएसएस सॉफटवेयर के उपयोग** विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो0 जी0पी0 सिंह, सांख्यिकी विभाग, विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे।

- 16 अक्टूबर 2018 : अंग्रेजी एवं हिन्दी विभाग द्वारा **प्रवासी साहित्य की चुनौतियाँ** विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 रजनीश धवन, अंग्रेजी विभाग, फ्रेजर वेली विश्वविद्यालय एवं प्रो0 सरन घई, टोरन्टो विश्वविद्यालय, कनाडा थे।

- 12–18 नवम्बर 2018 : अंग्रेजी विभाग द्वारा **Pedagogy and Performance: From Text to Stage** विषयक सात दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन। प्रमुख वक्ता प्रो0 संजय दत्ता रॉय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो0 आर0एन0 रॉय, अंग्रेजी विभाग, बीएचयू, प्रो0 रजनीश धवन, अंग्रेजी विभाग, फ्रेजर वेली विश्वविद्यालय, श्री सुधान्वा देशपाण्डे, जन नाट्य मंच एवं डा0 गौतम चैटर्जी, नाट्य विद्वान थे।

- 9 फरवरी 2019 : अंग्रेजी विभाग द्वारा महिला अनुसंधान केन्द्र, आक्लाहोमा विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं इंटरसेक्शन, बीएचयू के संयुक्त तत्वाधान में **Going Glocal: Gender Issues in the New Millennium** विषयक एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन। प्रमुख वक्ता प्रो0 लिंडसे चर्चिल एवं डा0 डायना पार्डो, महिला अनुसंधान केन्द्र, ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका, डा0 विवेक सिंह, डा0 राहुल चतुर्वेदी, डा0 प्रवीण पटेल, डा0 अमित उपाध्याय एवं डा0 उमेश कुमार, बीएचयू थे।

- 15–16 फरवरी 2019 : संस्कृत एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा **How to do things with Language** विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन। मुख्य वक्ता डा0 संजुक्ता घोष, सह आचार्य, मानवतावादी अध्ययन विभाग, आईआईटी, बीएचयू एवं डा0 अनिल ठाकुर, बीएचयू थे।

विशिष्ट/आमन्त्रित अतिथि व्याख्यान

- 08 अगस्त 2018ः संगीत (गायन) विभाग द्वारा '**हिन्दुस्तानी संगीत में क्रियात्मक एवं सैद्धान्तिक पक्ष का पारस्परिक सम्बन्ध**' विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 संगीता घोष, संगीत (गायन) विभाग, महात्मा गाँधी काशी विश्वविद्यालय, वाराणसी।

- 01 सितम्बर 2018ः समाज शास्त्र विभाग द्वारा **अनुसंधान में सामाजिक सर्वेक्षण की चुनौतियाँ** विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ मनोज कुमार, सेन्टर फॉर इकॉनौमिक स्टडीज एवं प्लानिंग, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

- 11 सितम्बर 2018ः गृह विज्ञान विभाग द्वारा **ब्रेस्ट कैंसर** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डा0 नेहा गुप्ता, कैंसर विशेषज्ञ, एपेक्स हॉस्पिटल, वाराणसी।

- 12 सितम्बर 2018ः अर्थशास्त्र विभाग द्वारा **शोध सारांश कैसे लिखे** विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 राकेश रमन, अर्थशास्त्र विभाग, बी0एच0यू0।

- 14 सितम्बर 2018ः हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा **हिंदी के अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य विषयक** विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 अनूप वशिष्ठ, हिंदी विभाग, बी0एच0यू0।

- 22 सितम्बर 2018ः भारतीय प्रतिभूमि और विनिमय बोर्ड, सेबी द्वारा **निवेशक जागरूकता कार्यक्रम** विषयक व्याख्यान का आयोजन।

- 24 सितम्बर 2018ः ट्रैवेल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट एवं मॉस कम्युनिकेशन द्वारा **मीडिया का दृष्टिकोण** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 अनुराग दवे, विभागाध्यक्ष, मॉस कम्युनिकेशन एवं जर्नलिज्म विभाग, बी0एच0यू0।

- 25 सितम्बर 2018ः **व्यक्तित्व विकास** विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 पुष्पेंदु रक्षित, आईटीएम, खारगर, मुम्बई।

- 28 सितम्बर 2018ः प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा **चरितकाव्य परम्परा** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ अर्चना शर्मा, प्रा0 भा0 इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, बी0एच0यू0।

- 1 अक्टूबर 2018ः ट्रैवेल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट एवं मॉस कम्युनिकेशन द्वारा **आधुनिक युग मे परम्परागत मीडिया का महत्व** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डा0 बाला लखेन्द्र, मॉस कम्युनिकेशन एवं जर्नलिज्म विभाग, बी0एच0यू0।

- 5 अक्टूबर 2018ः मनोविज्ञान विभाग द्वारा Intergroup Relation: Psycho-Social Perspective विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ पूर्णिमा अवस्थी, मनोविज्ञान विभाग, बी0एच0यू0।

- 09 अक्टूबर 2018ः अंग्रेजी विभाग द्वारा **फिल्म एवं साहित्य पर व्याख्यान** का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ आशुतोष भारद्वाज, आईआईएएस0 फेलो, शिमला।

- 10 अक्टूबर 2018ः उर्दू विभाग द्वारा *Tahqueeq aur Tanqueeq ka Bahami Rishta* विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 नसीम अहमद, उर्दू विभाग, कला संकाय, बी0एच0यू0।

- 11 अक्टूबर 2018ः राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा **नेपाल में राजनीति : वर्तमान परिदृश्य** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 एस0बी0 सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग, डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी।

- 12 अक्टूबर 2018ः अंग्रेजी विभाग द्वारा **द वेस्टलैंण्ड** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता श्री सिद्धार्थ मेनन।

- 12 अक्टूबर 2018ः ट्रैवेल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट एवं मॉस कम्युनिकेशन द्वारा **समाचार लेखन एवं संपादन** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता श्री हरिकेष सिंह गौतम एवं अजय वर्मा, ब्यूरो चीफ, दूरदर्शन, वाराणसी।

- 13 अक्टूबर 2018ः वाणिज्य विभाग द्वारा **स्टॉक मार्केट का विस्तार** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता श्री अश्विनी कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रमुख, चॉयस इण्डिया।

- 13 अक्टूबर 2018ः संस्कृत विभाग द्वारा **छंद** विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 सोमनाथ नेने, संस्कृत विभाग, बी0एच0यू0।

- 20 अक्टूबर 2018ः शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा **जापान में माध्यमिक शिक्षा** विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता श्री सयन्तानी गद्दाम, राजघाट बेसेन्ट स्कूल, वाराणसी।

- 30 अक्टूबर 2018ः वाणिज्य विभाग द्वारा **वैश्विक बाजारः मुद्दे एवं चुनौतियाँ** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 विश्वम्भर झा, भूतपूर्व संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, बी0एच0यू।

- 02 नवम्बर 2018: इतिहास विभाग द्वारा **खंडित अतीतः एक पिता एवं पुत्र की 109 वर्षीय प्रवासी यात्रा** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 रॉबर्ट एच महेश, न्यू रोशेल कॉलेज, न्यूयार्क।

- 03 नवम्बर 2018: शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 नगेन्द्र कुमार, शिक्षाशास्त्र संकाय, बी0एच0यू0।

- 19 नवम्बर 2018 : संगीत (गायन) विभाग द्वारा ' **हिन्दुस्तानी संगीत में रागों का क्रियात्मक प्रयोग** विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 संगीता घोष, संगीत (गायन) विभाग, महात्मा गाँधी काशी विश्वविद्यालय, वाराणसी।

- 8 जनवरी 2019 : इतिहास विभाग द्वारा **मौखिक कथाएँ: स्वतंत्रता एवं 1947 का विभाजन एवं उसके बाद** विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता कथा विद्वान सुश्री आंचल गीता सिंह, 1947 पार्टीशन आर्काइव।

- 28 जनवरी 2019 : इतिहास विभाग द्वारा कथा विद्वान सुश्री आंचल गीता सिंह, *1947 पार्टीशन आर्काइव* के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन। *1947 पार्टीशन आर्काइव* भारत के स्वतंत्रता एवं विभाजन काल के मौखिक इतिहास के क्षेत्र में सेवारत संस्था है।

- 30 जनवरी 2019 : ट्रैवेल व टूरिज्म मैनेजमेंट एवं मॉस कम्युनिकेशन द्वारा **समाचार लेखन के व्यावहारिक पहलू** विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता श्री विश्वनाथ गोकर्ण, प्रख्यात पत्रकार, नवभारत टाइम्स, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान।

- 1 फरवरी 2019 : प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा ***गुप्तकालीन मुद्राएं*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ संजीव कुमार, नई दिल्ली।

- 1 फरवरी 2019 : प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा ***कुषाणकालीन सिक्के*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ अमित उपाध्याय, प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, बी0एच0यू।

- 2 फरवरी 2019: गृह विज्ञान विभाग द्वारा ***पूर्वोत्तर में हिंदी विषय,*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 दिनेश कुमार चौबे, विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, नार्थ ईस्टर्न हिल विश्वविद्यालय, शिलांग।

- 05 फरवरी 2019: शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा ***डेटा का मात्रात्मक विश्लेषण*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 जी0पी0 सिंह, सांख्यिकी विभाग, विज्ञान संस्थान, बी0एच0य0ू।

- 6 फरवरी 2019: अंग्रेजी विभाग द्वारा ***विवींग पीस टुगेदर,*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 अनत बेन डेविड, इजराइल।

- 7 फरवरी 2019: दर्शन विभाग द्वारा ***व्यावहारिक वेदांत*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 जटाशंकर त्रिपाठी, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।

- 8 फरवरी 2019: दर्शन विभाग द्वारा ***आनुसांगिक नैतिकता*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 रमेश चन्द्र सिन्हा, अध्यक्ष, भारतीय अनुसंधान परिषद।

- **14 फरवरी 2019:** संगीत (वादन) विभाग द्वारा **बनारस घराने में सितार वादन की शैली** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 विरेन्द्र नाथ मिश्रा, संगीत एवं मंच कला संकाय, बी0एच0यू0।

- **14 फरवरी 2019:** प्रा0 भा0 इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा **Rock-Cut Cave Tradition in India,** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 ए0पी0 जमखेदकर, अध्यक्ष, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।

- 14–15 फरवरी 2019 : गृह विज्ञान विभाग द्वारा ***ब्लड प्रेशर एवं शुगर*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता सुश्री इरारानी, रामकृष्ण मिशन, वाराणसी।

- 15 फरवरी 2019: हिंदी विभाग द्वारा **हिंदी कविता का पाठ एवं समीक्षात्मक संदर्भ** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 अरून होटा, पश्चिम बंग राज्य विश्वविद्यालय, कलकत्ता एवं मैथिली रामायण विषय पर व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डा0 रामानन्द झा, प्रख्यात हिन्दी लेखक।

- 16 फरवरी 2019: मनोविज्ञान विभाग द्वारा ***जीवन की चुनौतियो*** पर व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता पाप्या चैटर्जी, काउन्सलर, राजघाट बेसेन्ट स्कूल, वाराणसी।

- 25 फरवरी 2019: इतिहास विभाग द्वारा ***भारतीय प्रवासीः अतीत एवं वर्तमान*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 घनश्याम, इतिहास विभाग, बी0एच0यू0।

- 26 फरवरी 2019: शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा Origami Oriented Mathematics Teaching and Learning विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता श्री सूर्यनारायण गांती, यू0एस0ए0।

- 01 मार्च 2019: अंग्रेजी विभाग द्वारा ***रंगमंच एवं अभिनयः इसकी बारीकियाँ*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता श्री जैकी मैकेनले।

- 01 मार्च 2019: हिंदी विभाग द्वारा ***पूर्वोत्तर में रचित भाषा एवं साहित्य*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो0 दिलीप कुमार मेघी, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, आसाम।

- 05 मार्च 2019: अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा ***भारत में सार्वजनिक व्यय की वृद्धि एवं इसके प्रभाव*** एवं ***जी0एस0टी0 के उलझावः संघ एवं राज्यों के मध्य वित्तीय संबंध*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ मनीषा मल्होत्रा, अर्थशास्त्र विभाग, बी0एच0यू0।

- 07–08 मार्च 2019 : गृह विज्ञान विभाग द्वारा ***फैशन एवं टेक्सटाइल्स*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता सुश्री रेनु रॉव एवं सुश्री श्वेता अग्निहोत्री।

- 08 मार्च 2019 : मनोविज्ञान विभाग द्वारा ***चरित्र को विकसित करने में बाधाएंः ताकत एवं गुण,*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ पूर्णिमा अवस्थी, मनोविज्ञान विभाग, बी0एच0यू।

- 09 मार्च 2019: गृह विज्ञान विभाग द्वारा ***तनाव प्रबन्धन*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। प्रमुख वक्ता प्रो0 अभय कृष्णा, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, बी0एच0यू0।

- 12 मार्च 2019: भूगोल विभाग द्वारा ***मात्रात्मक प्रविधि एवं एस0पी0एस0एस0 का परिचय*** विषयक व्याख्यान का आयोजन। प्रमुख वक्ता प्रो0 घनश्याम सिंह, सांख्यिकी विभाग, विज्ञान संस्थान, बी0एच0यू0।

**नियोजन गतिविधियाँ**

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा ***व्यक्तिगत उत्कृष्टता एवं लक्ष्य निर्धारण*** विषयक एक दिवसीय कार्यशाला (30 जनवरी 2019) का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता कर्नल एस0पी0 शर्मा, निदेशक, एम्स, पुणे थे। इसी क्रम में दिनांक 31 मार्च 2019 को ***रोजगार में वृद्धि : प्रशिक्षण एवं नियोजन*** विषयक अन्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता श्री पवन चोपड़ा, नियोजन सलाहकार, बैंगलोर ने उद्गार व्यक्त किए। सत्र 2018–19 में महाविद्यालय के नियोजित छात्राओं का विवरण निम्न है–

| | |
|---|---|
| अनामिका आंचल<br>B.Ed. (II Year) | प्राइमरी शिक्षक, राबर्ट्सगंज, यू0पी0 |
| कल्पना बिष्ट<br>MA (History)<br>2017-18 Pass out batch | एसोसिएट – रूद्रप्रयाग– उत्तराखंड क्षेत्रीय संस्थान, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन |
| निकिता सिंह<br>M.Ed. (II Year) | शिक्षक, आर्मी पब्लिक स्कूल |
| प्रिया जायसवाल<br>M.Ed. (II Year) | शिक्षक, आर्मी पब्लिक स्कूल |
| रूक्मिना कुमारी<br>M.Ed. (II Year) | ट्रेन्ड ग्रेजुएट टीचर |
| सुनील<br>Ph.D., English | सहायक आचार्य (उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित) |
| सुनील सिहं यादव<br>Ph.D, Economics | सहायक सांख्यिकी अधिकारी (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित) |
| निखिल प्रताप सिंह<br>Ph.D., English | टीजीटी, अंग्रेजी, संत अतुलानन्द रेशीडेन्शीयल एकेडेमी, वाराणसी (अनुबन्ध के आधार पर) |
| प्रतिभा पाण्डे | शिक्षक |

**छात्र उपलब्धियाँ :** इस सत्र में निम्न छात्राओं ने राष्ट्रस्तरीय नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा उत्तीर्ण की।

| कक्षा/विषय | छात्रा का नाम |
|---|---|
| एम0ए0, भूगोल<br>2018-19 | पल्लवी शुक्ला, निहारिका अवस्थी, लता गोपालिया, सुमना गोराई, शिवाम्भी रॉय |
| एम0ए0, इतिहास<br>2015-16 Batch | रूबीना परवीन, जावा मधुर |
| बी0ए0, राजनीति विज्ञान<br>(तृतीय वर्ष) 2016-17 बैच | वर्षा उपाध्याय |
| एम0एड0<br>2018-19 (Batch) | बबीता सिहं, दीक्षा गौड़, गुंजन यादव, नीतु कुमारी, प्रेरणा, (जेआरएफ), प्रिया यादव, प्रिया कुमारी जायसवाल (जेआरएफ), प्रियंका कुमारी, प्रियंका पटेल, रबिनन्दिनी, सविता कुमारी (जेआरएफ) |

## कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र

जे0 कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र, श्री जे0 कृष्णमूर्ति पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित भारत का एकमात्र केन्द्र है जिसका प्रमुख उद्देश्य कृष्णमूर्ति की शिक्षाओं का प्रचार – प्रसार करना है। इस सत्र में केन्द्र द्वारा 'Stress & Anxiety', एवं Why is it so difficult to say: I Don't Know' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के प्रमुख वक्ता फ्रांसीसी भाषाविद् एवं विद्वान श्री जैकी मैकेनले थे। जुलाई 2018 एवं जनवरी 2019 में 20–25 छात्राओं के साथ दो सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए एवं परास्नातक व बी0एड0 छात्राओं हेतु साप्ताहिक संवादात्मक सत्र का नियमित आयोजन किया गया।

## मेधा

महाविद्यालय ने 2017 में लखनऊ के गैर–सरकारी संगठन '**मेधा**' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह संस्था कैरियर विकास एवं कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था है जो महाविद्यालय में कैरियर एडवांसमेंट बूटकैम्प के द्वारा छात्राओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप के माध्यम से नौकरी के अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इस सत्र में 37 इच्छुक छात्राएं पंजीकृत हुए जिसमें से 22 छात्राओं ने 30 घंटे के कार्यक्रम को पूरा कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। मेधा ने औद्योगिक विशेषज्ञों के साथ संवाद एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं ने ताबुला ग्रुप्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक अश्विनी कुमार सिंह से मुलाकात की एवं औद्योगिक कार्यो एवं रोजगार के अवसरों के बारे में जाना। मेधा द्वारा 4 छात्राओं को पैन्टालून्स, कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड एवं आदित्य बिरला कैपिटल में इंटर्नशिप करने का अवसर मिला। इन छात्राओं मे से एक सुश्री आकांक्षा सहाय ने एचडीएफसी बैंक और कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड में अपनी इंटर्नशिप पूरी की।

## लीड

देशपाण्डे फाउण्डेशन, हुबली, कर्नाटक का लीडर्स एक्सेलेरेटिंग डेवलपमेंट (लीड) कार्यक्रम छात्राओं में क्षेत्र/समुदाय के सामाजिक मुद्दो में सहभागिता के माध्यम से उनके अभिनव एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है। छात्राएं सामाजिक मुद्दो के रचनात्मक समाधान के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारते है एवं इस मंच के माध्यम से समुदाय की छोटी–बड़ी समस्याओं का रचनात्मक समाधान ढूढ़ने का प्रयास करते है व अपने आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल का निर्माण करते है। सत्र 2018–19 में 230 छात्राओं ने लीड कार्यक्रम में अपना पंजीकरण कराया एवं विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत हेतु रू0 3,05,220/– की वित्तीय सहायता प्राप्त की जिसमें प्रमुख है – हाइजिनिक किट (रिद्धिमा द्विवेदी एवं मोनिका सिंह), प्लास्टिक को ना कहिए (मोनिका सिंह), मुफ्त शिक्षा (अंगिका मिश्रा), सरकारी विद्यालयों में शिक्षा एवं खेल (वर्षा पटेल), स्वच्छ भारत (खुशी, साध्वी, साक्षी, अंजली), गाँव एवं आंगनबाड़ी में शिक्षा (नन्दिनी, चारू, पूजा) इत्यादि। आकर्षिता, अंजली, वृति किशोर एवं महाविद्यालय के अन्य प्रतिभागियों ने राजकीय वृद्धा केन्द्र, वाराणसी में दशहरा उत्सव मनाया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रिद्धिमा, मोनिका एवं प्रियंका ने माननीय कुलपति, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, प्रो0 टी0एन0सिंह की उपस्थिति में महिलाओं में स्वच्छता किट का वितरण कर 'माई हाइजिन माई राईट' परियोजना की शुरूआत की। लीड फाउण्डेशन के समापन सत्र में बेस्ट लीडर का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि डा0 नारायण मूर्ति, सह–संस्थापक, इंफोसिस, श्री भरत देसाई, सीईओ एवं चेयरमैन, सिन्टेल कम्पनी, डा0 गुरूराज देशपाण्डे, संस्थापक, देशपाण्डे फाउण्डेशन थे। वसन्त महिला महाविद्यालय को बेस्ट सपोर्टिंग कालेज का पुरस्कार मिला। 22 नवम्बर 2018 को पद्म विभूषण पंडित रघुनाथ अनंत माशेलकर एवं पूर्व महानिदेशक, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के साथ लीड टीम एवं शिक्षकगण ने संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## आन्तरिक शिकायत समिति

महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (07 एवं 17 नवंबर 2018) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता श्री अजय सुमन, देशपाण्डे फाउण्डेशन थे। इसी क्रम में श्री दीपक सिंह, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर एक व्याख्यान (22 सितम्बर 2018) दिया। राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार के तत्वाधान में महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता हेतु महिलाओं से संबंधित कानून पर एक प्रतियोगिता (03 अक्टूबर 2018) का आयोजन किया गया, जिसमें 262 छात्राओं ने भाग लिया। कु0 प्रियंका गुप्ता (बीए, तृतीय वर्ष, राजनीति विज्ञान) ने प्रथम पुरस्कार नगद रू0 2000, कु0 दिव्या दर्शन (बी0ए0, तृतीय वर्ष, राजनीति विज्ञान) ने द्वितीय पुरस्कार नगद रू0 1500 एवं कु0 सुभरमिता दास, कु0 अंजली पाण्डे (बी0ए0, प्रथम वर्ष, इतिहास) व चाँदनी यादव (एम0ए0, प्रथम वर्ष, अर्थशास्त्र) ने तृतीय पुरस्कार रू0 1000 प्राप्त किया।

## शिक्षकों की गतिविधियाँ / उपलब्धियाँ

- प्राचार्या डा0 अलका सिंह को राजर्षि स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, वाराणसी ने अध्यक्ष, आन्तरिक शिकायत समिति एवं टाटा कन्सलटेंसी सर्विसेज, वाराणसी ने वाह्य विशेषज्ञ, आन्तरिक शिकायत समिति के रूप में मनोनीत किया। 03–29 सितम्बर 2018 को शिक्षाशास्त्र संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन एवं 22 फरवरी 2019 को केन्द्रीय तिब्बती विश्वविद्यालय, सारनाथ द्वारा आयोजित फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम में रिसोर्स टॉक दिया। आपने प्रो0 लिण्डसे चर्चिल, इतिहास एवं भूगोल विभाग, यूनिवर्सिटी ऑफ सेन्ट्रल आक्लाहोमा के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया (14 मार्च 2019)। आपको महिला महाविद्यालय, बीएचयू0 द्वारा आयोजित *सेमियोटिक्स ऑफ थियेटर एण्ड ड्रामाः टेक्सट, स्टेज एण्ड स्पेक्टएक्टर्स* विषयक कार्यशाला में गेस्ट ऑफ ऑनर (25–29 अप्रैल 2019) एवं लीड फाउण्डेशन द्वारा आयोजित चौथे लीड वैलेडिक्टरी समारोह में (31 मार्च 2019) पैनलिस्ट के रूप में आमन्त्रित किया गया।

- डा0 रंजना सेठ को डीएवी पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित समकालीन मुद्दे एवं भारतीय अर्थव्यवस्था की प्राथमिकताएं विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (25 अक्टूबर 2018) एवं बाल श्रम के मुद्दे विषयक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला (1 अप्रैल 2019) में प्रमुख वक्ता के रूप में आमन्त्रित किया गया। आपने आर्य महिला पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित भारतीय अर्थव्यवस्थाः मुद्दे एवं चुनौतियाँ विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन (30 मार्च 2019) में तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

- डा0 विभा जोशी ने ***भारतीय समाज में वृद्धजन*** विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की (10 जनवरी 2019)। उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल, मध्य प्रदेश द्वारा प्रायोजित *भारतीय समाज में वृद्धजन* विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में *वीमेन पापुलेशन एजिंगः ऍन एनॉलिसिस* विषय पर शोध प्रपत्र प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी का आयोजन मनकुँवरबाई कला एवं वाणिज्य स्वायत्त महिला महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा आयोजित किया गया था (10 जनवरी 2019)। टीआरएस कालेज, रीवा, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित *अनुसंधान के विभिन्न आयाम* विषयक कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में आमन्त्रित किया गया (16–17 मार्च 2019)। आपको डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी द्वारा आयोजित *भारतीय अर्थव्यवस्था के समकालीन मुद्दे और प्राथमिकताएँ* विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में आमन्त्रित किया गया (25 अक्टूबर 2018)। आपने ***भारतीय अर्थव्यवस्थाः मुद्दे एवं चुनौतियां*** विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी (30 मार्च 2019) में तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

- डा0 उषा देवी को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा 22 फरवरी 2019 को आयोजित स्पंदन कार्यक्रम में ज्यूरी सदस्य के रूप में नामित किया गया।

- डा0 संजय वर्मा ने बेल्जियम में आयोजित संगीत कार्यशाला (01 जून– 30 जुलाई 2018), तिरूपति बालाजी मंदिर, आंध्र प्रदेश (30 मई 2018) एवं 8वाँ ध्रुपद महोत्सव, उदयपुर (17 अक्टूबर 2018) में अपने प्रस्तुतीकरण दिया।

- डा0 बंदना झा को विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मारीशस में आयोजित 11वीं विश्व हिन्दी कार्यशाला हेतु आमनित्रत किया गया (18–20 अगस्त 2018)। भारत के राष्ट्रपति द्वारा आपको काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कोर्ट सदस्या के रूप में मनोनीत किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में आपको विजिटर्स नॉमिनी मनोनीत किया गया। आपने महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा, गुजरात के छात्रों के लिए परास्नातक पाठ्यक्रम विकसित किया।

- डा0 अंजना सिंह को महात्मा गाँधी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा अगस्त 2018 में चयन समिति में विषय विशेषज्ञ मनोनीत किया गया।

- डा0 वेद प्रकाश रावत ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बी0एच0यू में *किशोरों मे नशीले पदार्थ की लत* विषय पर व्याख्यान दिया (25 फरवरी 2019)।

- डा0 सौरभ कुमार सिंह ने ऐमीटी विश्वविद्यालय, लखनऊ के स्नातक, परास्नातक एवं एम0फिल0 छात्रों हेतु पाठ्यक्रम विकसित किया।

**प्रकाशन**

- 2019, Dr. Alka Singh, मुक्तिबोध : मुक्ति के लिए बेचैन आत्मा, In *मुक्तिबोध का रचनात्मक संघर्ष*, Harsh Publications, New Delhi, Pp: 98-106, ISBN: 978-93-81491-98-0

- 2019, Dr. Alka Singh, *Refashioning Body Image and Challenging Disability Myths: A Critical Study of the Film Margarita With A Straw*, International Seminar Proceedings, **Future of Women'19**, organized by TIIKM, Sri Lanka.

- 2018, Shashikala Tripathi, *राहुल सांकृत्यायन और बौद्ध चिन्तन*, In नया ज्ञानोदय (मासिक पत्रिका), भारतीय ज्ञानपीठ, New Delhi, Vol. 18, ISSN: 2278-2184

- 2018, Vibha Joshi, "*Gender Perspective of Population Aging in India*", **Journal of Indian Social Science Association**, Vol.12, Jan-Dec (ISSN-0975-7511).

- 2019, Shashikala Tripathi, मुक्तिबोध का रचनात्मक संघर्ष, Harsh Publications, New Delhi, ISBN: 978-93-81491-98-0

- 2018, Bandana Jha, संवेदना की गहनता के कवि, In *मुक्तिबोध का रचनात्मक संघर्ष*, Harsh Publications, New Delhi, ISBN: 378-93-81491-98-0

- 2018, Bandana Jha, *सीताकांत महापात्रः जातीय स्मृति बिंब की कविता* In *माटी*, Vol. 11, Banda, ISSN – 2320-3021

- 2018, Bandana Jha, *अपने समय, समाज और इतिहास से बेखबर जसिंता केरकेट्टा की कविताएं*, in समवेत, Peer Reviewed Research Journal, Vol. 11-12, P. 52-58, ISSN – 2321-6131

- 2018, Sunita Arya, "*The Vicious Circle of Caste, Class and the Constitution of India*" in **International Journal Humanities and Social Sciences Review (HSSR)**, Vol. 8, No. 2, USA, ISSN: 2165-6258.

- 2018, Rajesh Chaurasia, *वैदिक पंचकोश (भाष्य वार्तिक संवलित)* , Kala Prakashan, Varanasi, ISBN : 9789387199-217

- 2019, Subhash Meena & Mahua Das Gupta, Effect of *Mindfulness on Dysfunctional Attitude and Automatic Thoughts in Relation to Gender*, **Indian Journal of Psychological Science**, Vol. 10, No. 1, 095-101.

- 2019, Yogita Beri, "*Impact of Globalization on Higher Education in India: Opportunities and Challenges*", **Indian Education System: Emerging Trends and Related Issues**, edited by Sushanta Kumar Roul and Pramod Bhatnagar, Adhyayan Publishers & Distributors, New Delhi, pp: 53-58 (ISBN: 978-93-88804-08-0).

सहपाठ्यक्रम गतिविधियाँ

- अर्पणा पाण्डे, स्नातक (गायन) ने सनबीम, भगवानपुर द्वारा आयोजित अन्तर–महाविद्यालय प्रतियोगिता में एकल गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- 12 अगस्त 2018 : श्री रामचन्द्र मिशन, हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट एवं यूएन इन्फर्मेशन सेंटर, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया।

- 18 अगस्त 2018 : नवागन्तुक छात्राओं हेतु स्टूडेन्ट इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- 31 अगस्त 2018 : कैरियर लांचर, वाराणसी द्वारा महाविद्यालय में स्नातक एवं वाणिज्य स्नातक छात्राओं हेतु *एनक्यूजीटिव माइन्ड्स* क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- 19 सितम्बर 2018 : छात्राओं द्वारा टैलेन्ट शो का आयोजन।

- 27 सितम्बर 2018 : ट्रेवेल, टूरिज्म एवं मॉस कम्युनिकेशन्स छात्राओं द्वारा विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया।

- 29 सितम्बर 2018 : ज्ञान प्रवाह, वाराणसी द्वारा आयोजित काशी विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व की छात्राओं ने भाग लिया।

- 1 अक्टूबर 2018: महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती मनाया गया।

- 4 अक्टूबर 2018 : राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, एलुमनाई एवं आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन पंडित दीन दयाल उपाध्याय, पाण्डेयपुर एवं श्री शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल, कबीरचौरा, वाराणसी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

- 5 अक्टूबर 2018 : जयपुरिया इन्स्टीटॅयूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनउ द्वारा जयपुरिया क्वीज लीग का आयोजन किया गया।

- 23–28 अक्टूबर 2018 : ज्ञान प्रवाह, वाराणसी द्वारा आयोजित पाषाण युगः मनुष्य, उपकरण एवं जीविका विषयक कार्यशाला में प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व की छात्राओं ने भाग लिया।

- 01 एवं 03 नवम्बर 2018 : सर्तकता जागरूकता सप्ताह के दौरान युनियन बैंक ऑफ इंडिया, राजघाट एवं एनटीपीसी, लखनउ के सौजन्य से *भ्रष्टाचार उन्मूलनः नए भारत का निर्माण* एवं *सर्तकता एवं सामान्य जागरूकता* से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- 19 नवम्बर 2018 : छात्राओं के लिए *एडी श्रॉफ मेमोरियल वक्तृत्व प्रतियोगिता* का आयोजन किया गया।

- 22– 28 जनवरी 2019 : श्रीमति रामेश्वरी वर्मा एवं श्रीमति शकीला बानों के नेतृत्व में शिक्षाशास्त्र की छात्राओं हेतु गाइडिंग कैम्प का आयोजन किया गया।

- 28 जनवरी 2019 : महाविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक समारोह झंकार 2019 का आयोजन किया गया।

- 08 फरवरी 2019 : राजनीति विज्ञान की छात्राओं द्वारा कोटवा गाँव, चिरईगाँव ब्लाक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- 12–17 फरवरी 2019 : ज्ञान प्रवाह, वाराणसी द्वारा आयोजित *भारतीय गुफा वास्तुकला विषयक कार्यशाला में* प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला के प्रमुख वक्ता *प्रो0 ए0पी0 जमखेदकर, अध्यक्ष, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली थे।*

- 21 फरवरी 2019 : अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया।

- 22–26 फरवरी 2019 : काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर–महाविद्यालयी युवा समारोह स्पंदन 2019 में छात्राओं ने भाग लिया।

- 05 मार्च 2019 : आई0टी0आई0, बी0एच0यू0 के तत्वाधान में क्रैककैट प्रतियोगिता का आयोजन ।

- 07 मार्च 2019 : अंग्रेजी विभाग द्वारा *भारतीय अंग्रेजी कथा साहित्य में बातचीत, रूप और सिद्धान्त : सन् 2000 के पश्चात* विषयक तृतीय छात्र वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन।

- 10–17 मार्च 2019 : मैत्री भवन, भेलुपूर, वाराणसी द्वारा आयोजित उड़त गुलाल विषयक कार्यशाला में संगीत विभाग के छात्राओं ने भाग लिया।

- 16 मार्च 2019 : सामाजिक विज्ञान संकाय, बी0एच0यू0 द्वारा आयोजित *संयुक्त राष्ट्र अपने प्राथमिक उद्देश्य में अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखने में विफल रहा है* विषयक वाद–विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया।

- 16 मार्च 2019 : ज्ञान प्रवाह द्वारा आयाजित कालीदास श्लोकान्त्याक्षरी में संस्कृत विभाग के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- 19 मार्च 2019 : राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा *शीतयुद्धोत्तर कालीन राजनीति की समझ* विषयक छात्र वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन। प्रमुख वक्ता डा0 प्रियंका सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग, डीएवी पीजी कॉलेज, वाराणसी थी।

- 2 अप्रैल 2019ः इतिहास विभाग द्वारा *सुभाष चन्द्र बोस पर वृत्तचित्र फिल्म शो* का आयोजन। प्रमुख अतिथि प्रो0 कपिल कुमार, इतिहास विभाग, इग्नू, नई दिल्ली।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का पुस्तकालय पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत एवं बारकोड सुविधा से सम्पन्न है। किताबों का आवंटन एवं वापसी बारकोड स्कैनर के माध्यम से होता है। पुस्तकालय में छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए ओपेक (Online Public Access Catalogue) सुविधा उपलब्ध है जिसके माध्यम से डाटाबेस प्राप्त किया जा सकता है। पुस्तकालय के पास काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के (बी.ए., बी.कॉम, बी. एड., एम.ए. एवं एम.एड.) सभी छात्राओं हेतु डिजिटलीकृत पुराने प्रश्न–पत्रों का संकलन है। शिक्षकों ने अपने प्रकाशित पुस्तकों की एक प्रति संस्थागत भंडारण हेतु पुस्तकालय को दान दिया है। पुस्तकालय का ज्ञान केन्द्र (नॉलेज सेण्टर) 41 कम्प्यूटर, 2 वाईमैक्स कनेक्शन तथा 2 एम.बी.पी.एस. गति का इन्टरनेट एवं 3 प्रिन्टरों की सुविधा से समृद्ध है। शिक्षकों एवं शोध छात्राओं हेतु 7 कम्प्यूटर एवं इण्टरनेट की अलग व्यवस्था है। पुस्तकालय के पास 43,656 पुस्तकों का संकलन है। पुस्तकालय में एक पिरियोडिकल खण्ड है जिसमें 42 शोध पत्रिकाओं, 12 पत्रिकाओं एवं 10 समाचार–पत्रों का संकलन है। पाठ्य पुस्तक एवं सन्दर्भ पुस्तक खण्ड, पाठकों को उनके शिक्षण सम्बन्धी कार्यों हेतु आवश्यक पुस्तकें प्रदान करता है। पुस्तकालय में शिक्षकों एवं छात्राओं हेतु छायाप्रति खण्ड भी है। पुस्तकालय ने इन्फ्बिनेट की एनलिस्ट सुविधा ली है जिसके अन्तर्गत छः हजार से अधिक ई–शोध पत्रिकाओं एवं 31,35,000 से अधिक ई–पुस्तकों तक ऑनलाइन पहुँचा जा सकता है। पुस्तकालय, भारत के राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय में पंजीकृत है जिसके अन्तर्गत एकल विण्डो खोज सुविधा एवं वन स्टॉप शॉप से सभी डिजिटल संसाधनों की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

पुस्तकालय द्वारा अगस्त एवं सितम्बर 2018 में बी.ए., बी.काम, बी.एड., एम.ए. व एम.एड (प्रथम वर्ष) की छात्राओं हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परास्नातक व शोध छात्रों हेतु फरवरी 2019 में *सूचना साक्षरता कार्यक्रम* एवं *नैतिक शिक्षा में अकादमिक लेखन एवं प्रकाशन* विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पुरातन छात्र संघ

पुरातन छात्र सम्मेलन, पुरातन एवं वर्तमान के मध्य सेतु का कार्य करता है 17 फरवरी 2018 को पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में लगभग 300 पुरातन छात्राओं का समागम हुआ जो पुरानी एवं नयी पीढ़ी के बीच संवाद का मंच बना। पुरातन छात्र संघ ने अपनी वरिष्ठतम् सदस्यों जैसे– प्रो. ज्योति वर्मा, मनोविज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय, श्रीमती शहनाज हुसैन, विख्यात पत्रकार, श्रीमती प्रेरणा अग्रवाल तथा डॉ. कुसुम गिरि एवं महाविद्यालय के अन्य सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए तथा वर्तमान पीढ़ी को महाविद्यालय के धरोहर से अवगत कराया। इसी क्रम में महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सेवानिवृत्ति शिक्षिका डा0 शारदा अयर के साथ संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। पुरातन छात्र संघ द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं डिस्पोजल मशीन दान किया गया। संघ के आम सभा की बैठक 26 अक्टूबर 2018 को आयोजित हुआ। बैठक में संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्वों से संबंधित गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में एसोसिएशन के सदस्यों ने 30 अक्टूबर 2018 को काशी कुष्ठ सेवा संघ, सारनाथ का दौरा किया एवं इस वृद्धाश्रम में कंबल, चिकित्सा सम्बन्धी वस्तु, बिस्कुट एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण किया। एसोसिएशन द्वारा 4 अक्टूबर 2018 को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल और शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल, कबीरचौरा, वाराणसी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी पंजीकृत सदस्यों को आमन्त्रित किया गया एवं 64 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया। एसोसिएशन भविष्य में जरूरतमंद छात्रों हेतु छात्रवृत्ति शुरू करने हेतु इच्छुक है।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी)

इस सत्र में एनसीसी में 98 नई छात्राएँ पंजीकृत हुई। एनसीसी गतिविधियों के तहत छात्राओं ने ड्रिल अभ्यास, अस्त्र एवं मानचित्र अध्ययन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। कमांडिंग ऑफिसर (कर्नल) जी0आर0के0 शेषा साई, 28 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी, बीएचयू ने *सर्जिकल स्ट्राइक* पर एक विशेष व्याख्यान दिया और सितंबर 2018 के सेना की उपलब्धियों की प्रशंसा की। द्वितीय वर्ष के कैडेटों ने बीएचयू में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी शिविर में भाग लिया। महाविद्यालय की कैडेट सुश्री अंजली कुमारी ने 17–28 सितंबर 2018 को महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आयोजित *थल सैनिक कैंप दिल्ली 2018* में भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधियों के तहत एक शैक्षणिक सत्र में लगभग 120 घंटे गांवों, झुग्गियों एवं स्वैच्छिक एजेंसियों में काम करते है। राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल सिद्धान्तों के अनुसार स्वयंसेवक को समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में रहना होता है। वसंत महिला महाविद्यालय की पाँचों इकाइयों ने 9 से 15 मार्च 2019 तक आयोजित सात दिवसीय शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर का प्रमुख आकर्षण महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, औषधीय वृक्षारोपण, एचआईवी एड्स और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, सराय मोहाना व कोटवा गांव में सैनेटरी पैड्स का वितरण, कुष्ठ सेवा आश्रम, सारनाथ में वस्त्र वितरण, किरण पुनर्वास केंद्र, माधोपुर का भ्रमण एवं स्वंय सेवी संस्था *संपर्क* के सहयोग से राजापुर गांव में साक्षरता अभियान कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख है।

## खेल गतिविधियाँ

छात्राओं ने उर्जा, उत्साह और खेलभावना के साथ वर्षपर्यन्त खेल से जुडी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्राओं ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं अन्य निकायों द्वारा आयोजित एथलेटिक्स, तैराकी, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल आदि अंतर–सकाय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और चयनित/सम्मानित हुए।

| नाम/कक्षा | इवेंट का नाम | प्रायोजित संस्था | समय | सम्मान |
|---|---|---|---|---|
| **हर्षिता जायसवाल** बी0ए0 (प्रथम वर्ष) | अखिल भारतीय योग चैंपियनशिप | उत्तर प्रदेश योगा स्पोटर्स एसोसिएसन, आगरा | 21–22 अक्टूबर, 2018 | रजत पदक |
| **हर्षिता जायसवाल** बी0ए0 (प्रथम वर्ष) | ओपेन नेशनल योगा स्पोटर्स चैंपियनशीप | उत्तर प्रदेश योगा स्पोटर्स एसोसिएसन, आगरा | 1–2 दिसंबर 2018 | बीजिंग में आयोजित इंटर योगा स्पोटर्स फेडरेशन वर्ल्ड चैंपियनशीप 2018 में चयन |
| **प्रिया कुमारी** बी0ए0 (तृतीय वर्ष) | इंटर फैक्लटी कराटे टूर्नामेंट | बी0एच0यू0 | | अंतर विश्वविद्यालयी कराटे टीम में चयन |
| कबड्डी टीम | मैरी कॉम कबड्डी टूर्नामेंट | वसंत कन्या महाविद्यालय, वाराणसी | 8 फरवरी 2019 | |
| वॉलीबॉल टीम | मैडम ब्लावट्स्की वॉलीबॉल टूर्नामेंट | वसंत कन्या महाविद्यालय, वाराणसी | 8 फरवरी, 2019 | |

वार्षिक खेल दिवस (11 फरवरी 2019) पर छात्राओं ने योग, पिरामिड गठन, ड्रिल और ताइक्वांडो आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला दिवस (8 मार्च, 2019) पर अमर उजाला, वाराणसी के सहयोग से अपराजिता कार्यक्रम के तहत कराटे टीम के ब्लैक बेल्ट धारकों द्वारा *सेल्फ डिफेंस तकनीकी प्रदर्शन* का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

## पिटारा

छात्र क्लब *पिटारा* छात्राओं को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को अभिव्यक्ति करने का एक मंच प्रदान करता है। मुठ्ठी भर छात्राओं के शुरू यह क्लब वर्तमान में एक हजार छात्राओं के साथ फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से जुड़ा हुआ है, पिटारा क्लब का पहला कार्यक्रम 28 अगस्त 2018 को *मस्ती की पाठशाला* से हुआ, जिसमें संगीत, नृत्य, प्रदर्शन, कविता पाठ और मजेदार गतिविधियाँ शामिल थी। पिटारा क्लब के अन्य सदस्यों की प्रतिभा की पहचान हेतु पूर्व में आयोजित ''स्किल्स एंड थ्रिल्सः इग्नाइटिंग इनोवेशंस'' का सीक्वल कार्यक्रम 12 अक्टूबर, 2018 को आयोजित किया गया। जिसके तहत रंगमंच, फोटोग्राफी, चित्रकला, कला और शिल्प जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 20 फरवरी, 2019 को पिटारा ने काशी राइट्स, (नेहा ओझा द्वारा शुरू किया गया एक वाराणसी आधारित लेखन मंच है) के सहयोग से अपना पहला ओपन माइक ''अल्फाज'' आयोजित किया। 6 मार्च, 2019 को पिटारा द्वारा आयोजित *योरकोट ओपेन माइक* एक महत्वपूर्ण आयोजन था जिसमें भाग लेने के लिए इलाहाबाद, गोरखपुर, पटना और अन्य शहरों से आए छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। एक अन्य कार्यक्रम ''कलमकार ओपेन माईक'' का आयोजन 12 मार्च, 2019 को वाराणसी के एक रचनात्मक मंच *कलमकार* के सहयोग से किया गया। सीखने और रचनात्मक गतिविधियों के लिए शुरू किया गया यह क्लब अब एक बड़े परिवार में तब्दील हो गया है। इस क्लब के माध्यम से विभिन्न अवसरों के सफल आयोजन एवं प्रतिभा प्रदर्शन के लिए शिक्षक अपनी छात्राओं को लगातार प्रोत्साहित एवं सहयोग करते हैं।

## फेलोशिप/छात्रवृत्ति

मनोविज्ञान विभाग की शोध छात्रा सुश्री अंजलि वर्मा को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा *''वृद्धों एवं बुजुर्गों की भलाई में आध्यात्मिकता, मनमौजीपन और सामाजिक सहायता के प्रभाव'* विषयक शोध हेतु रू0 2,60,000/— के डॉक्टोरल फैलोशिप प्रदान किया गया। यह फेलोशिप 1 जनवरी, 2019 से दो वर्ष के लिए है। निम्नलिखित शोध छात्र, विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा फेलोशिप प्राप्त कर रहे है।

| क्रम सं0 | शोधकर्ता का नाम | विषय | फैलोशिप विवरण | वित्तीय संस्था का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रंजीत कुमार सिंह पटेल | अर्थशास्त्र | सीनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 2 | सुनील सिंह यादव | अर्थशास्त्र | सीनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 3 | पवन कुमार यादव | अर्थशास्त्र | सीनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 4 | सुनील कुमार | अंग्रेजी | सीनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 5 | मीरा | हिन्दी | सीनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 6 | नेहा गौर | हिन्दी | सीनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |
| 7 | लतेश कुंमारी | हिन्दी | जूनियर रिसर्च फैलोशिप | यूजीसी, नई दिल्ली |

महाविद्यालय अपने संसाधनों/दान से प्राप्त धनराशि से जरूरतमंद मेधावी छात्राओं (स्नातक एवं परास्नातक) को छात्रवृत्ति प्रदान करता है जिसका विवरण निम्न हैं —

| क्र0 सं0 | छात्रवृत्ति का नाम | धनराशि | छात्रवृत्ति संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अच्युत पटवर्धन छात्रवृत्ति | 1000/–प्रत्येक | 57 |
| 2 | प्रेमा श्रीनिवासन छात्रवृत्ति | 5000/– प्रत्येक | 10 |
| 3 | बी0एड0 मेधावी छात्रा छात्रवृत्ति | 2600/– प्रत्येक | 02 |
| 4 | पी0 शंकर राव छात्रवृत्ति (संगीत की छात्राओं हेतु) | 5000/–प्रत्येक | 04 |
| 5 | वसंत महाविद्यालय छात्रवृत्ति | 5000/– प्रत्येक | 30 |
| 6 | डॉ0 आशा रानी/डॉ0 सरोज बागेश्वर छात्रवृत्ति (बी0एड0 एवं एम0एड0 की मेधावी छात्रा हेतु) | 5000/– प्रत्येक | 02 |

**शैक्षणिक भ्रमण**

छः दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम (01 से 06 अप्रैल 2019) के तहत छात्राओं ने नैनिताल, अल्मोड़ा, रानीखेत, मुक्तेश्वर, नैनादेवी और कॉर्बेट नेशनल पार्क आदि का भ्रमण किया। अन्य छः दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम (03 से 08 अप्रैल 2019) के तहत पर्यटन प्रबंधन, मास कम्युनिकेशन और बी0एड0 की छात्राओं ने देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार का भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त आयोजित किए गए अन्य शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रमों का विवरण निम्न है।

| विभाग | दिनांक | स्थान का नाम |
|---|---|---|
| प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व | 21 फरवरी 2019 | सलखन जीवाश्म पार्क, सोनभद्र (विश्व का प्राचीनतम जीवाश्म पार्क, 110 अरब वर्ष प्राचीन) |
| | 21 फरवरी 2019 | पंचमुखी शैलचित्र सोनभद्र (हजारो साल पुराना प्रागैतिहासिक भारतीय शैलचित्र) |
| | 21 फरवरी 2019 | अहरौरा, मीरजापुर (300 ईसापूर्व सम्राट अशोक कालीन शिलालेख) |
| | 18 मार्च 2019 | चुनार किला, मीरजापुर, सोनवा मण्डप और ब्रिटिश समय की सोलर घड़ी, ब्रिटिश भारत के पहले गर्वनर वारेन हेस्टिंग्स का बंगला |
| अर्थशास्त्र | 05 फरवरी 2019 | रॉयल मसाला, गंगा पल्प एंड पेपर प्राईवेट लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण |
| | 05 फरवरी 2019 | एम0पी0 इण्डसट्रीज (पारले जी), रामनगर, वाराणसी |
| शिक्षा | 13 सितम्बर 2018 | जे0 कृष्णमूर्ति स्टडी सेन्टर, के0एफ0आई0, वाराणसी |
| | 15 सितम्बर 2018 | राजघाट बेसेन्ट स्कूल, वाराणसी |
| | 10 अक्टूबर 2018 | बुद्ध मंदिर, सारनाथ, वाराणसी |
| | 09 मार्च 2019 | यूनेस्को चेयर फॉर पीस एवं इण्टर कल्चरल अण्डरस्टैन्डिंग, मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय |
| | 30 जनवरी–01 फरवरी 2019 | सरकारी बाल आश्रम गृह, रामनगर, वाराणसी |
| भूगोल | 03 नवम्बर, 2018 | विन्ध्याचल, मीरजापुर |
| इतिहास एवं राजनीतिक विज्ञान | 01–02 अक्टूबर 2018 | बनवासी सेवा आश्रम, सोनभद्र |
| गृहविज्ञान | 11 मार्च 2019 | किरण रिहेब्लीटेशन सेण्टर, माधोपुर, वाराणसी |
| | 18 मार्च 2019 | चुनार, मीरजापुर |
| संस्कृत | 16 मार्च 2019 | भारत कला भवन, बी0एच0यू0 |
| ट्रवेल एवं टूरिज्म एवं मॉस कम्यूनिकेशन | 28 फरवरी–01 मार्च 2019 | प्रयागराज (इलाहाबाद) |
| मनोविज्ञान | 18 फरवरी 2019 | कृष्णमूर्ति स्टडी सेण्टर, राजघाट एवं कृष्णमूर्ति रूरल सेण्टर, राजघाट, वाराणसी |

## चिकित्सा सुविधा

महाविद्यालय के शिक्षकों एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए सी0जी0एच0एस0 योजना के तहत कैशलेस मेडिकल ट्रीटमेंट का लाभ प्रदान करने हेतु हेरिटेज, अपोलो, गैलेक्सी और ए0एस0जी0 आई हॉस्पिटल के अलावा शुभम हॉस्पिटल, वाराणसी के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## वसंत आश्रम छात्रावास

वसंत आश्रम की छात्राओं ने पूरे सत्र उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। यह सत्र अगस्त के अंतिम सप्ताह में फ्रेशर बैच के परिचय और स्वागत के साथ आरम्भ हुआ। नवागन्तुको से परिचय के लिए पुराने एवं नए बैच के बीच एक दो दिवसीय संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया, जिससे उन्हें आश्रम के मिलनसार और घरेलू वातावरण एवं अपनी प्रतिभा व क्षमता प्रदर्शन में मदद मिले। छात्राओं के लिए कई साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। अगस्त माह में स्पीक मैके के सौजन्य से डॉ0 जयंती कुमारेश (सरस्वती वीणा) और सरफराज चिश्ती और समूह (सूफी कव्वाली) ने वसंत आश्रम की छात्राओं हेतु अपनी प्रस्तुति दी। दिसंबर में विदुषी मीता पंडित ने हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन और डॉ0 प्रतीक चौधरी ने सितार वादन (20 अप्रैल 2019) प्रस्तुत किया। लड़कियों ने स्पीक मैके के तत्वाधान में 10 से 14 सितंबर 2018 तक आयोजित फड़ चित्रकला विषयक पाँच दिवसीय कार्यशाला में भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने राखी बनाने की दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया, जहाँ उन्होंने दैनिक उपयोग की सामान्य वस्तुओं के साथ हस्तनिर्मित राखी बनाना भी सीखा। वाराणसी ताईक्वांडो एसोसिएशन द्वारा वसंतआश्रम की छात्राओं हेतु  बुनियादी रक्षात्मक कौशल के लिए विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे ग्रूमिंग क्लासेस, संगीत कक्षाएँ (वादन एवं गायन) और ताइक्वांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। ज्योतिका दैमारी, परास्नातक (अर्थशास्त्र) ने ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट जीता। 13 फरवरी 2019 को श्री तरूण प्रधान द्वारा निर्देशित रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाटक *डाकघर* का मिदनापुर, पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। इसका आयोजन नागरी नाट्य मंडल न्यास द्वारा राष्ट्रीय स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के सहयोग से 20 फरवरी को भारत–रंग महोत्सव के 08–10 फरवरी, 2019 के एक साप्ताहिक उत्सव के तहत किया गया था। 30 मार्च 2019 को लड़कियां के लिए वाटर पार्क पिकनिक का आयोजन किया गया। अप्रैल में अंतिम वर्ष की छात्राओं हेतु विदाई समारोह के साथ वार्षिक गतिविधियों का समापन हुआ।

## स्पिक मैके

स्पीक मैके (सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ) एक गैर–राजनीतिक राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक मंच है जो पूरे विश्व में विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं को भारतीय एवं विश्व विरासत से परिचय एवं जागरूकता हेतु शास्त्रीय संगीत और नृत्य, लोक कला, शिल्प, योग, क्लासिक सिनेमा स्क्रीनिंग, हेरिटेज वॉक आदि कार्यक्रमों का आयोजन करता है। शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं लोक संगीत के क्षेत्र में पारंगत कलाकार विद्यालयों में छात्रों के लिए प्रस्तुति देते है। इस श्रृंखला में अगस्त 2018 को डॉ जयंती कुमारेश (सरस्वती वीणा) एवं सूफी कव्वाल श्री सरफराज चिश्ती ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। दिसंबर में विदुषी मीता पंडित ने हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन और डॉ0 प्रतिमा चौधरी ने सितार वादन (20 अप्रैल 2019) प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में श्री प्रकाश जोशी द्वारा फड़ पेंटिंग पर एक कार्यशाला (10–14 सितंबर 2018) आयोजित की गई।

## विदाई

इस सत्र में प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की आचार्या डॉ0 शीला सिंह एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी श्री शंभू नाथ तिवारी सेवानिवृत्त हुए। आपके लिए 24 अप्रैल 2019 को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में पुस्तकालय सहायक के पद पर कार्यरत श्री श्यामबली को भी विदाई दी गयी। सत्र के अंत में 23 अप्रैल 2019 को छात्राओं के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने उन्हें वसंत परिवार की ओर से

शुभकामनाएँ दीं। छात्राओं ने महाविद्यालय के बारे में अपने अनुभव साझा किए। छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

**शोक**

इस सत्र में श्री कबीर जयतीर्था, ट्रस्टी, कृष्णमूर्ति फाउण्डेशन इंडिया और भूगोल विभाग के सह प्राध्यापक डॉ0 मंगला सिंह का देहान्त हो गया। महाविद्यालय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।